प्रेस नोट सं-38

दिनांक 23.03.2025

सराहनीय कार्य थाना मोहनगंज जनपद अमेठी

मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़, चोरी की 05 मोटरसाइकिलों के साथ 03 वाहन चोर गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिनांक 23.03.2025 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज मय हमराह को तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग बुकवा मजरे चेतरा बुजुर्ग के पास मोटरसाइकिलों का नम्बर बदल रहे हैं । उक्त सूचना पर मौके पर पहुंचकर 03 व्यक्तियों को 05 मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम पता 1. इबरार पुत्र मो0 अमीन निवासी कामापुर मजरे नसरतपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष, 2. नागेश प्रताप सिंह उर्फ कविस सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी पूरे बाबू मजरे जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, 3. सत्यम द्विवेदी पुत्र राकेश द्विवेदी निवासी आगौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष बताया। तलाशी से इबरार के कब्जे से 01 अदद हथौड़ा, नागेश प्रताप सिंह उर्फ कविस सिंह के कब्जे से 02 अदद रेती व सत्यम द्विवेदी के कब्जे से 02 अदद रिंच, 01 डिब्बी काला पेन्ट ब्रश बरामद हुआ। मोटरसाइकिलों के संबंध में पूछने पर तीनों ने बताया कि ये सभी मोटरसाइकिल चोरी की है। हम तीनों लोग अपने अन्य एक साथी प्रभाकर सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम जरई कला थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर के साथ मिलकर मेला, बाजार आदि से मोटरसाइकिल चोरी करके गाड़ियों के नम्बर प्लेट बदलकर व चेचिस नम्बर खुरचकर बेच देते है। चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को समय करीब 04.11 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। थाना मोहनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. इबरार पुत्र मो0 अमीन निवासी कामापुर मजरे नसरतपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष।
2. नागेश प्रताप सिंह उर्फ कविस सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी पूरे बाबू मजरे जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
3. सत्यम द्विवेदी पुत्र राकेश द्विवेदी निवासी आगौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21वर्ष।

बरामदगी-

1. टीवीएस स्पोर्ट नम्बर मिटा हुआ।
2. हीरो स्प्लेण्डर प्लस यूपी 36 एल 9366
3. हीरो स्प्लेण्डर प्लस यूपी 32 एमयू 7447

4. हीरो स्प्लेण्डर प्लस यूपी 33 डब्लू 7491
5. हीरो स्प्लेडर बिना नम्बर प्लेट
6. 01 अदद हथौड़ा, 02 अदद रेती, से 02 अदद रिंच, 01 डिब्बी काला पेन्ट ब्रश।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 75/25 धारा 319(2), 318(4), 317(5), 317(2), 317(4) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सैयाम बाबू खाँ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 विजय नरायण पाण्डेय थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अरूण सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. हे0का0 रुपेश मौर्या थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. हे0का0 उमेश चन्द्र थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. का0 मनीष पाण्डेय थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
8. का0 रिनित कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
9. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
10. का0 अरूण कुमार यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
11. का0 सुनील कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
12. म0का0 सीमा भदौरिया थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।